पृष्ठ एक का शेष

बाबा केदार...

व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों से साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिये। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के इंतजाम किये। स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, लोक निर्माण, पेयजल, विद्युत और नगर निकाय सहित संबंधित विभागों को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। प्रशासन और पुलिस की ओर से कपाट बंद होने के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां थीं।

सेवानिवृत्त...

कर्मचारियों को ही नहीं, बल्कि सरकार से जुड़े कामों में लगाये गये रिटायर्ड अधिकारियों और अन्य लोगों को भी आचार संहिता के दायरे में रहना होगा। यानी सरकारी जिम्मेदारी निभाने वाला कोई भी व्यक्ति चुनाव में किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने का काम नहीं कर सकेगा।

भारत विरोधी...

मंत्री सर्गेई लावरोव से भी बात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर चल रही कूटनीतिक कोशिशों पर चर्चा की। बांग्लादेश की झुग्गी-बस्तियों से चीनी व्लॉगर्स की ओर से कथित तौर पर लाइव स्ट्रीमिंग किये जाने और वहां के दृश्यों को दिल्ली का बताकर पेश करने के मामले पर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस संबंध में मीडिया रिपोर्टें देखी हैं। किसी देश की गलत तस्वीर पेश करने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ढाका को दिल्ली के रूप में दिखाने के लिए बाहरी लोगों का इस्तेमाल करना और इस तरह के झूठे नैरेटिव फैलाना उन लोगों की विश्वसनीयता को ही नुकसान पहुंचाता है, जो ऐसा कर रहे हैं और जिनके इशारे पर यह सब किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से ऐसे लोगों के खिलाफ कारर्वाई करने का आग्रह भी किया।

दुनियाके...

वाले धुएं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस पर तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सरकारों के साथ स्ष्ट और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। कोर्ट ने पूछा है कि तय उम्र पूरी कर चुकी और प्रदूषण मानकों का पालन नहीं करने वाली गाड़ियों की एंट्री और उनके चलने पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। साथ ही, ऐसी गाड़ियों की पहचान और जांच की व्यवस्था की जानकारी भी मांगी है। इसमें ब्ष्ट सर्टिफिकेट की अनिवार्यता लागू कराने के कदम शामिल हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची व वी. मोहना की बेंच ने कमर्शियल और निजी गाड़ियों के लिए लागू नियमों और उन्हें लागू करने की व्यवस्था का ब्योरा मांगा है। खास तौर पर पड़ोसी राज्यों से दिल्ली-ह्ष्टक्रमें आने वाली गाड़ियों पर जानकारी देने को कहा गया है।

बिहार : लापरवाही...

को निर्देश दिया है कि वे सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के केवल समयबद्ध निष्पादन की समीक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि उनके गुणवत्तापूर्ण निष्पादन की भी विशेष रूप से समीक्षा करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि किसी पदाधिकारी या कर्मी के बारे में यह जानकारी मिलती है कि उसने आवेदकों की समस्याओं का वास्तविक समाधान करने के बजाय किसी तरह का टालमटोल किया है, तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कारर्वाई की जाय।

गाजीपुरमें...

ली। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को हमलावरों की पहचान करने तथा घटना के कारणों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उधर, मृतक के पिता मोहम्मद दाऊद ने आरोप लगाया कि शुभम चौबे निवासी मियांपुरा ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनका कहना है कि शुभम चौबे के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं, इसके बावजूद वह खुलेआम घूम रहा था। हालांकि, इस आरोप की पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में शामिल मिश्र बाजार में सरेशाम हुई हत्या से व्यापारियों और आम लोगों में भय का माहौल है। पुलिस हमलावरों की तलाश और घटना के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। इसीक्रम में सदर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज मोहांव गांव में जुए के दौरान २५ हजार रुपये के दांव को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। हार जीत के बीच हुई हंसी मजाक से नाराज ग्राम प्रधान ने कथित तौर पर तमंचे से दो युवकों पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वाराणसी में उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को एनएच २९ फोरलेन पर महाराजगंज के पास चक्काजाम कर दिया। कई घंटे तक हाईवे पर आवागमन ठप रहने से यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब चार बजे जाम समाप्त कराया जा सका। जानकारी के अनुसार, दिवाली के अगले दिन सोमवार की रात करीब १०.३० बजे महाराजगंज मोहांव गांव के पास पासीपुरवा में तालाब किनारे आठ से दस लोग जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी गांव बकराबाद का ग्राम प्रधान संजय बिंद ३५ अपने दो तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और जुआ खेलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जुए में करीब २५ हजार रुपये का दांव लगा था। आरोप है कि गुस्से में आकर प्रधान ने तमंचा निकाल लिया और सामने मौजूद दो युवकों पर फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर अफरा तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर उधर भागने लगे।फायरिंग में मोहांव गांव निवासी अजय पासी २८ के पेट में गोली लगी, जबकि उनके साथी इस्लामाबाद निवासी सुरेंद्र राम ३५ के दाहिने हाथ में गोली लगी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान अजय पासी की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र राम का उपचार जारी है। सीओ सिटी अनिल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, मंगलवार सुबह करीब 11 बजे आरोपी संजय बिंद सदर कोतवाली पहुंच गया और आत्मसमर्पण कर दिया। वह हाथ में एक दफ्ती लेकर थाने पहुंचा था, जिस पर लिखा था मैं संजय बिंद आत्मसमर्पण कर रहा हूं। बताया जाता है कि संजय बिंद वर्ष २०१५ और २०२१ के पंचायत चुनाव में लगातार दो बार बकराबाद गांव का प्रधान चुना गया था। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने और स्थिति सामान्य करने का प्रयास किया। ग्रामीणों को शांत कराने तथा जाम समाप्त कराने में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार शाम करीब चार बजे प्रशासन को जाम खुलवाने में सफलता मिली। इसके बाद हाईवे पर वाहनों का आवागमन धीरे धीरे सामान्य हो सका।

कार डिवाइडर...

अमन (23) गांव के ही अपने दोस्त अजय (22) के साथ दिवाली मनाने के लिए राखी गढ़ी स्थित नाना के घर आया था। ननिहाल के दोस्तों के साथ रात 12 बजे हरिद्वार में गंगा स्नान करने का कार्यक्रम बनाया। राखी गढ़ी के चालक साहिल (22) ने अपने परिचित प्रवीण से हुंडई औरा गाड़ी ली। इसके बाद सगे भाई राहुल (21) और अंकित (19) के अलावा अंकित कुमार (23) के साथ रात एक बजे हरिद्वार गंगा स्नान के लिए च ल दिये। एसएसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि जागाहेड़ी टोल प्लाजा से पहले सोमवार तड़के तेज गति से दौड़ रही कार फ्लाईओवर के मोड़ पर डिवाइडर और बिजली के खंभे से टकरा गयी। टक्कर लगते ही धमाका हुआ। खंभा करीब 30 फीट दूर जाकर गिरा। कार हाईवे की दूसरी साइड पर जाकर पलट गयी। पलटते ही कार में आग लग गयी। घायल होने और सेंट्रल लॉक की वजह से कोई भी बाहर भी नहीं निकल सका। सभी लोग बैठे-बैठे ही राख हो गये। सीट पर जले हुए कंकाल मिले। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में सामने आया कि कार का पेट्रोल टैंक और बैटरी फटने से आग लगी। हालांकि कार में लगी सीएनजी किट सुरक्षित मिली। एसएसपी सूरज कुमार राय के अनुसार, कार तेज गति से चल रही थी। चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित हो गयी। पांच सीट वाली कार में छह लोग सवार थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया। अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिये। कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मोर्चरी पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने तितावी थाने पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और सहयोग का भरोसा दिया। पुलिसकर्मियों और डाक्टरों से बात की। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि डॉक्टरों की दो टीमों ने पोस्टमार्टम किये हैं। परिजनों ने कपड़ों और अन्य चीजों से अलग-अलग पहचान की है। शव अधिक जले हुए थे, इसी वजह से डीएनए टेस्ट के लिए भी सैंपल लिए गये हैं। कार पलटने के दौरान दो बैग बाहर गिर गये। इसमें आधार कार्ड और साहिल का आई कार्ड मिला। उस पर लिखे नम्बर से पुलिस ने साहिल के भाई गोलू से संपर्क किया। इसके बाद दूसरे दोस्तों के परिजनों को सूचना दी गयी।

अयोध्याको सनातन तीर्थाटनकी वैश्विक राजधानी बनायेंगे-अखिलेश

राशन के साथ तेल-घी देकर शरीर की पौष्टिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगे

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या नगरी के मान-सम्मान की पुनर्स्थापना के लिए हम वचनबद्ध हैं। राम मंदिर की चोरी से आहत होकर जिस प्रकार अयोध्या आने वाले आस्थावान और श्रद्धालु दिन-प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं, जिसका सीधा असर यहाँ की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा है, हम उसे सुधारेंगे भी और सँवारेंगे भी। अयोध्या के मंदिर को पारदर्शी व्यवस्था देकर विश्वास की भी पुनर्स्थापना करेंगे। वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर देकर हम अयोध्या को सनातन तीर्थाटन की वैश्विक राजधानी बनाएंगे। जारी बयान में उन्होने कहा कि हम एक ऐसी अयोध्या बनाएंगे, जहाँ कोई भी अहंकारी, तेल बटोरती किसी गरीब स्त्री या बच्चे-बच्ची को बेंत मारकर बेइज्जत और उत्पीड़ित नहीं करेगा। हम सरकार में आकर राशन में तेल-घी भी देकर शरीर की पौष्टिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम अयोध्या में परंपरागत नौकायन को बढ़ावा देंगे, जिससे परंपरागत नाविकों को उसका लाभ मिले और भगवान राम और निषादराज का प्रगाढ़ संबंध फ्रि से स्थापित हो सके। भाजपा इस संबंध को तोड़ना चाह रही है क्योंकि भाजपाई प्रभुत्ववाद कभी नहीं चाहता है कि प्रभु राम और पीडीए समाज का गले मिलने का कोई भी दृश्य किसी को याद रहे। हम अयोध्या को बाहरी ठेकेदारों से मुक्त कराएंगे और जमीन की जाँच बैठाएँगे। बाहरी लोगों ने ही अयोध्या को लूटा है। सर्किल रेट के महाघोटाले से जुड़े भाजपाई नेता व भ्रष्ट अधिकारी कोई भी बच नहीं पाएगा। अयोध्या की लूट से भरे उनके खजाने खँगाले जाएँगे। ऐसी व्यवस्था भी बनाएंगे कि कोई भी दुष्मुखी व्यक्ति भगवान राम या भगवान कृष्ण ही नहीं बल्कि किसी भी धर्म के आराध्यों और महापुरुषों का अपमान न कर सके या अपमान करके स्वतंत्र न घूम सके। ऐसे धर्म.विरुद्ध लोगों को वैधानिक रूप से निरुद्ध किया जाएगा। दुर्वचन कहने वाले ऐसे अधर्मी लोगों को प्रश्रय देने वाले भी पाप के भागीदार होते हैं, उनको भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के षड्यंत्र में संलिप्त होने के कारण यथोचित दंड दिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाते हुये कहा है कि दिल्ली में बैठी भ्रष्ट भाजपा सरकार झूठे आँकड़ों की चादर से प्रदूषण की असहनीय तकलीफ को ढकना चाहती है। प्रदूषण के स्तर का सच क्या है। ये उन मासूम बच्चों, बीमारों और बुजुर्गों से पूछिए जो एक-एक साँस लेने में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे हैं। आम जनता पर्यावरण से लेकर महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी हर तरह की समस्या से जूझ रही है। भाजपा सरकार झूठे आंकड़ों के जरिए अपनी पीठ थपथपाती रहती है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने आम जनता के सामने सिर्फ समस्याएं और परेशानियां ही पैदा की है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के लिए कोई काम नहीं कर रही है। सरकारी बजट में लूट कर अपनी तिजोरिया भर रही है। उत्तर प्रदेश में बजट की भारी लूट चल रही है। यूपीडा के लिंक एक्सप्रेस वे के टेंडरों में कुछ गिनी चुनी कंपनियों व कमीशनजीवी, महाभ्रष्टाचारी भाजपा सरकार की मिलीभगत से टेंडर आपस में बाँट लिए जा रहे हैं। ये दुनिया को दिखाने भर का टेंडर है, दरअसल सारा खेल मेज के अंडर है। उन्होने कहा कि ये आपस में मिल-बाँटकर खाने की नूरा कुश्ती है, जिसमें भाजपा सरकार पैसा खाकर चुपचाप बैठे अंपायर की तरह आँख-मुँह पर ताला लगाये बैठी है। आपस में टेंडर बाँटने का तरीका ये है कि कहीं पर तुम कम, तो कहीं हम पर टेंडर निकले अपना हर दम। मतलब ऊपर-ऊपर तो दिखावटी लड़ाई अंदर मिलकर दोनों काटें मलाई। उन्होने कहा कि भाजपाई एक्सप्रेस वे नहीं, अपने पैसे बनाते हैं।



बदलने लगा मौसम का मिजाज,सुबह-शाम बढ़ी ठंड

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज अब धीरे-धीरे बदलने लगा है। प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह और शाम के समय गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है, जबकि कई जिलों में हल्की धुंध दिखाई देने लगी है। प्रादेशिक मौसम केंद्र के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह में ठंड का असर और अधिक बढ़ने के आसार हैं। सुबह के समय कई स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरे के साथ धुंध छा सकती है, जिससे सुबह जल्दी निकलने वाले लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है।

डाला छठ क्यों मनाया जाता है, इसकी शुरुआत कहां से हुई

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। लोक आस्था का महापर्व डाला छठ जिसे मनाने के लिए ना तो कोई तर्क खोजते हैं और ना ही किसी से वजह पूछते हैं। यह पूरी तरह आस्था विश्वास और आत्मा से जुड़ा त्यौहार है। किसी की संतान की कामना पूरी होती है तो कोई बच्चों के जन्म के बाद छठ करने का संकल्प लेता है ।किसी को नौकरी और परिवार की खुशहाली की उम्मीद होती है ।इसी विश्वास के साथ लोग छठी मैया के दरबार में पहुंच जाते हैं। छठ क्यों मनाया जाता है और इसकी शुरुआत कहां से हुई इसका कोई एक प्रामाणिक जवाब नहीं मिलता, लेकिन इससे जुड़े कई पूरी कथाएं और मान्यताएं जरूर है ।जैसे राम- सीता कर्ण द्रौपदी और राजा प्रियव्रत का जिक्र मिलता है। खास बात यह है कि बिहार में इस पर्व की सबसे गहरी जड़े हैं, जहां सूर्य देव छठी मैया और प्राकृतिक की उपासना के रूप में इसे पीढ़ियों से मनाया जाता है। आखिर छठ पूजा की शुरुआत कैसे हुई और इस पर्व में सूर्य के साथ छठी मैया का पूजा क्यों होती है। भगवान राम और माता सीता से लेकर महाभारत के कर्ण और द्रौपदी तक की कथाएं छठ की आस्था से जुड़ी है। बिहार की सांस्कृतिक और परंपरा का सबसे बड़ा पर्व छठ मनाया जाता है ।13 नवंबर से 16 नवंबर तक चार दोनों का छठ का उत्सव मनाया जाता है। छठ को लेकर प्रचलित एक लोकमान्यता भगवान राम और माता सीता से जुड़ी है। कहा जाता है कि 14 साल के वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने के बाद कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और सीता ने सूर्य देव की पूजा की थी ।माता सीता ने परिवार की कल्याण और सुख समृद्धि के लिए उपासना की थी। धार्मिक लोक कथाओं में से छठ परंपरा से जोड़कर देखा जाता है ।

आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

ग्राहकों को क्वालिटी कंपनियों के साथ लगातार शेयर-प्राइस ग्रोथ देगा

गोरखपुर - आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया इक्विटी निवेश विकल्प कंपनी की ज्यादातर यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप)के साथ उपलब्ध होगा। इस फंड के माध्यम से निवेशकों को मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों में सकारात्मक रुझान वाली कंपनियों में निवेश करने का अवसर मिलेगा।यह इंडेक्स फंड निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके तहत बीएसई 500की सूची में शामिल 50 ऐसे शेयरों का विविध पोर्टफोलियो बनाया जाएगा, जो दो प्रमुख मानकों- मोमेंटम और क्वालिटी पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं।फंड के लॉन्च पर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर मनीष कुमार ने कहा आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड निवेशकों को मजबूत कारोबारी मॉडल, कमाई की बेहतर संभावनाओं और शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी वाली कंपनियों में निवेश के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने का प्रभावी अवसर देता है। खास बात यह है कि निवेशकों को ऐसी कंपनियों के पोर्टफोलियो में निवेश का मौका मिलेगा, जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। कंपनियों का चयन रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट टू इक्विटी और प्रति शेयर आय (ईपीएस) जैसे वित्तीय मानकों के आधार पर किया जाता है। साथ ही, इन कंपनियों के शेयरों की कीमतों में पिछले 12 महीनों के दौरान अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

तमिलनाडुमें सरकारी खातोंपर साइबर हमला

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में सरकारी बैंक खातों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपये की साइबर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है. राज्य के ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े अलग-अलग सरकारी बैंक खातों से करीब 22.10 करोड़ रुपये की रकम कथित तौर पर निकाल ली गई. इस मामले में तीन जिलों के सरकारी खातों को निशाना बनाए जाने की जानकारी सामने आई है. घटना के बाद सरकारी महकमों में हड़कंप मचा हुआ है. मामले की गंभीरता को देखते हुए चेन्नई क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, साइबर अपराधियों ने तमिलनाडु के तीन जिलों में ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े बैंक खातों को निशाना बनाया. इनमें सबसे बड़ी रकम रामनाथपुरम पंचायत यूनियन के खाते से निकाले जाने का दावा है. यहां से करीब 14 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी हुई है. इसके अलावा नागपट्टिनम पंचायत यूनियन के खाते से 3.10 करोड़ रुपये निकाले जाने की बात सामने आई है। वहीं, तिरुप्पुर जिले के धारापुरम पंचायत यूनियन से करीब 5 करोड़ रुपये की रकम कथित तौर पर निकाल ली गई. इस तरह तीनों जिलों के सरकारी बैंक खातों से कुल 22.10 करोड़ रुपये की निकासी का मामला सामने आया है. ये रकम ग्रामीण विकास योजनाओं और आम लोगों के कल्याण से जुड़े सरकारी कामों के लिए निर्धारित थी. ऐसे में सरकारी धन की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं. इस पूरे मामले की जांच चेन्नई क्राइम ब्रांच कर रही है. पुलिस ने केस दर्ज कर यह पता लगाने की कोशिश शुरू कर दी है कि सरकारी बैंक खातों तक साइबर अपराधियों की पहुंच कैसे हुई. जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी रकम अलग-अलग खातों से किस तरीके से ट्रांसफर की गई. शुरुआती जानकारी में इस वारदात के पीछे अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क की भूमिका होने की आशंका जताई गई है. जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश करेंगी कि क्या सरकारी भुगतान प्रणाली या बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की सेंध लगाई गई थी. करोड़ों रुपये के लेनदेन के दौरान सुरक्षा जांच और निगरानी व्यवस्था ने काम क्यों नहीं किया, यह भी जांच का अहम हिस्सा हो सकता है. हालांकि, साइबर अपराधियों की पहचान, रकम ट्रांसफर करने के तरीके और संभावित नेटवर्क को लेकर अभी विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना ने तमिलनाडु में सरकारी वित्तीय व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं. ग्रामीण विकास विभाग के खातों में जमा पैसा पंचायतों और ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यों, जरूरी सेवाओं और जनकल्याण योजनाओं के लिए होता है. ऐसे में अगर सरकारी खातों से इतनी बड़ी रकम साइबर ठगी के जरिए निकाली गई है, तो यह केवल बैंकिंग सुरक्षा का मामला नहीं है. यह सरकारी धन की निगरानी और वित्तीय नियंत्रण व्यवस्था की मजबूती से भी जुड़ा सवाल है।

कार्यालय नगर पंचायत डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

राज्य मिशन निदेशक (एस.बी.एम.), राज्य मिशन निदेशालय, उ.प्र. के पत्र सं.-पी.एम.यू./9476563/2023 लखनऊ दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 द्वारा निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु धनराशि अवमुक्त की गई है। शासनादेश एतद्द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों एवं शासनादेश सं.- 3/2017/1067/78-2-2017-42 आई.टी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-05-2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड ठेकेदारों/बिडर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत डुमरियागंज सीमान्तर्गत **'स्वच्छ भारत मिशन.नगरीय 2.0'** द्वारा प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जो वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा। निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत डुमरियागंज नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ई-निविदा हेतु विवरण निम्नवत् है-

01.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित की तिथि	10-11-2026
02.	वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि	10-11-2026
03.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय	01-12-2026
04.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	02-12-2026
05.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय	03-12-2026
06	ई-निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत डुमरियागंज

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डुमरियागंज
जनपद-सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत डुमरियागंज
जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक:-403(iii)/न.पं.डु./2026-27/दिनांक 10-11-2026

कार्यालय नगर पंचायत डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं.-390/2026/नौ-5-2026/001-Com. No. 2080526 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 19 अगस्त, 2026, पत्र सं.-392/2026/नौ-5-2026/001-Com. No. 2080783 नगर विकास अनुभाग-5 नौ-5-2026/001-Com. No. 2080968 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 19 अगस्त, 2026 पत्र सं.-अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 19 अगस्त 2026, पत्र सं.-396/2026/3419/ 431/2026/3625/नौ-5-2026/001-Com. No. 2084620 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 03 सितम्बर, 2026 एवं पत्र सं.-432 Com. No. 2026/3626/नौ-5-2026/001-Com. No. 2083510 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 03 सितम्बर, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 द्वारा निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु धनराशि अवमुक्त की गई। एतद्द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों एवं शासनादेश सं.-3/2017/1067/78-2-2017-42 आई.टी./2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-05-2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड ठेकेदारों/बिडर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत डुमरियागंज सीमान्तर्गत राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जल निकासी योजना एवं पेयजल हेतु व्यवस्था योजना अनुदान द्वारा प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जो वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा । निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत डुमरियागंज नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ई-निविदा हेतु विवरण निम्नवत् है।

01.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशित की तिथि	10-11-2026
02.	वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि	10-11-2026
03.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय	01-12-2026
04.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	02-12-2026
05.	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय	03-12-2026
06.	ई-निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत डुमरियागंज

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डुमरियागंज
जनपद-सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत डुमरियागंज
जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांक:-402(iv)/न.पं.डु./2026-27/दिनांक 10-11-2026